प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

2884-75

पत्र संख्या–एस.पी.एम.यू./मातृ स्वा./आउटरीचसे0/122/2013–14/ दिनांक– 13.08.2013

विषय– गम्भीर रक्ताल्पता वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान व देखभाल सुनिश्चित करने के लिये आशाओं को मिलने वाली प्रोत्साहन धनराशि के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि प्रदेश में मातृ मृत्यु दर को नियंत्रित करने के लिये प्रदेश सरकार सभी गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता परक प्रसव पूर्व देखभाल प्रदान किये जाने के लिये प्रतिबद्ध है। प्रदेश में मातृ मृत्यु का एक प्रमुख कारण गर्भवती महिलाओं में गम्भीर रक्ताल्पता है सामान्यतया कुल गर्भवती महिलाओं में से लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी पायी जाती है जिनमें से 2–3 प्रतिशत महिलायें गम्भीर रक्ताल्पता (Hb<7gm%) से ग्रसित होती हैं।

1. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक गर्भवती महिला के हीमोग्लोबिन की जाँच का प्रावधान किया गया है जिससे एनीमिया का पता लग सके एवं शीघ्र अति शीघ्र उपचार आरम्भ किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत आशाओं के माध्यम से गाँव की गर्भवती माताओं की सम्पूर्ण गुणवत्तापरक प्रसव पूर्व देखभाल सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2013–14 में जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आशाओं को मिलने वाली प्रोत्साहन धनराशि में संशोधन कर दिया गया है।
2. गर्भवती महिलाओं की प्रथम जाँच से ही हीमोग्लोबिन की जाँच किया जाना अति आवश्यक है जिसका अंकन एम0सी0टी0एस0 में भी किया जाता है।एम0सी0टी0एस0 पोर्टल के माध्यम से गम्भीर रक्ताल्पता (Hb<7gm%) वाली गर्भवती महिलाओं की ग्राम वार सूची उपलब्ध हो जाती है जिसका प्रदर्शन प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाई के नोटिस बोर्ड पर किया जाये।
3. ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाई पर सभी ए0एन0एम0 की बैठक के लिए सप्ताह का एक दिन (मंगलवार/शुक्रवार) पूर्व से ही निश्चित किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी ए0एन0एम0 इस बैठक में प्रतिभाग करें एवं उनके पास क्रियाशील हीमोग्लोबिनोमीटर अथवा हीमोग्लोबिन रैपिड टेस्टिंग किट उपलब्ध हो तथा उन्हें इसका उपयोग भी आता हो।
4. हीमोग्लोबिन की जाँच के अभ्यास के लिए उनको प्रत्येक सप्ताह चिकित्सा इकाई की प्रयोगशाला में लैब टेक्निशियन के माध्यम से अभ्यास कराया जाए तथा उनके कौशल के स्तर का फीडबैक लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि शतप्रतिशत ए0एन0एम0 इस कार्य में दक्ष हों।
5. प्रत्येक सप्ताह ए0एन0एम0 के क्षेत्र की गम्भीर रक्ताल्पता (Hb<7gm%) वाली गर्भवती महिलाओं की ग्राम वार सूची उपलब्ध कराई जाये, जिससे ए0एन0एम0 आशाओं के माध्यम से उन महिलाओं का उपचार/सन्दर्भन तथा नियमित जाँच सुनिश्चित कर सकें।
6. गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं खानपान सम्बन्धी देखभाल तथा नियमित रूप से आयरन फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन सुनिश्चित कराने के लिये आशाओं की क्षमतावृद्धि ए0एन0एम0 के माध्यम से किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत किये जायें।

7. ब्लॉक स्तर पर प्रति सप्ताह गम्भीर रक्ताल्पता वाली गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन में बढ़ोत्तरी की समीक्षा की जाये तथा उन आशाओं को प्रोत्साहन धनराशि दी जाये जिन्होंने किसी गम्भीर रक्ताल्पता वाली गर्भवती
महिला के हीमोग्लोबिन में 2.00 ग्राम प्रतिशत की बढ़ोत्तरी सुनिश्चित किये जाने में सहयोग किया हो।
8. **प्रोत्साहन धनराशि–** भारत सरकार ने उपर्युक्तानुसार गम्भीर रक्ताल्पता वाली गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन में 2 ग्राम या अधिक बढ़ोत्तरी पाये जाने पर सम्बन्धित आशा को रू0–200.00 प्रति गर्भवती महिला की दर से प्रोत्साहन धनराशि दिये जाने का प्रावधान स्वीकृत किया है।
9. इसके लिये गम्भीर रक्ताल्पता वाली गर्भवती महिलाओं की अलग से ग्राम वार सूची तैयार कर, प्रत्येक बार की गयी हीमोग्लोबिन जाँच के परिणाम लाभार्थी के एम0सी0टी0एस0 आई–डी पर तथा उसके मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड (एम0सी0पी0 कार्ड) में अंकित किया जाये जिससे उनके हीमोग्लोबिन में बढ़ोत्तरी की समीक्षा किया जाना सम्भव हो तथा उसी को आधार मानकर सम्बन्धित आशा को प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान किया जा सके।
10. **वित्त पोषण–** इस गतिविधि को आरम्भ करने के लिये आर0सी0एच0 फ्लैक्सीपूल के एफ0एम0आर0 कोड संख्या–**A.8.1.10.5** में राज्य स्तर पर इस वर्ष मात्र **3000** गंभीर रक्त अल्पता (Hb<7gm) वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य एवं खान–पान सम्बन्धी देखभाल तथा नियमित रूप से आयरन की गोलियों का सेवन सुनिश्चित कराने एवं उनका हीमोग्लोबिन कम से कम 2 ग्राम तक बढ़ाये जाने पर रू0–200.00 प्रति गर्भवती महिला प्रति आशा की दर से कुल रू0–6.00 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उक्त धनराशि जनपदों में गर्भवती महिलाओं की अनुमानित संख्या के अनुपात में आबंटित की जा रही है जिसकी जनपदवार फांट संलग्न है।
    - किसी भी आशा को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायगा।
    - आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाय।
    - मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रत्येक माह एवं अन्य ब्लॉक प्रभारी प्रति सप्ताह अपने क्षेत्र की गम्भीर रक्ताल्पता वाली गर्भवती महिलाओं की सूची की समीक्षा करेंगे एवं उनके हीमोग्लोबिन में बढ़ोत्तरी की एवं आशाओं के भुगतान की समीक्षा करेंगे।
    - समस्त अभिलेखों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर पर संकलित किया जायगा।
    - उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

09/09/13

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक

**पत्रसंख्या–** एस.पी.एम.यू./मातृ स्वा./आउटरीचसे0/122/2013–14/ **तद्दिनॉक**

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त डिवीजनल प्रोग्राम मैनेजर्स, एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
6. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक

| Sl. No. | Name of Districts | Midyear pop 2013-14 | Expected pregnant women | No. of expected severely anemic pregnant women whose Hb improves by 2 gm | Budget for ASHA @ Rs.200/- per severely anemic PW whose Hb improves by 2 gm |
|---|---|---|---|---|---|
| | FMR Code | | | | A.8.1.10.5 |
| 1 | आगरा | 4586418 | 111450 | 62 | 12400 |
| 2 | फिरोजाबाद | 2613954 | 62212 | 35 | 7000 |
| 3 | मथुरा | 2661205 | 60409 | 34 | 6800 |
| 4 | मैनपुरी | 1933897 | 50475 | 28 | 5600 |
| 5 | अलीगढ़ | 3846291 | 103465 | 58 | 11600 |
| 6 | एटा | 1843816 | 52364 | 29 | 5800 |
| 7 | कासगंज | 1505660 | 45019 | 25 | 5000 |
| 8 | हाथरस | 1639168 | 39504 | 22 | 4400 |
| 9 | इलाहाबाद | 6239537 | 155364 | 87 | 17400 |
| 10 | कौशाम्बी | 1671864 | 39958 | 22 | 4400 |
| 11 | फतेहपुर | 2756257 | 68631 | 38 | 7600 |
| 12 | प्रतापगढ़ | 3322721 | 99682 | 56 | 11200 |
| 13 | शाहजहॉपुर | 3143301 | 89584 | 50 | 10000 |
| 14 | बरेली | 4674937 | 126223 | 71 | 14200 |
| 15 | बदायूं | 3342243 | 103275 | 58 | 11600 |
| 16 | पीलीभीत | 2132848 | 55027 | 31 | 6200 |
| 17 | जालौन | 1749138 | 39705 | 22 | 4400 |
| 18 | झांसी | 2094666 | 41055 | 23 | 4600 |
| 19 | ललितपुर | 1275172 | 34812 | 19 | 3800 |
| 20 | हमीरपुर | 1155841 | 27740 | 16 | 3200 |
| 21 | महोबा | 917175 | 23480 | 13 | 2600 |
| 22 | बांदा | 1884008 | 52187 | 29 | 5800 |
| 23 | चित्रकूट | 1037125 | 26032 | 15 | 3000 |
| 24 | सुल्तानपुर | 2292103 | 52260 | 29 | 5800 |
| 25 | अमेठी | 2548766 | 64994 | 36 | 7200 |
| 26 | अम्बेदकर नगर | 2511299 | 63285 | 35 | 7000 |
| 27 | फैजाबाद | 2584231 | 65898 | 37 | 7400 |
| 28 | बाराबंकी | 3410906 | 88684 | 50 | 10000 |
| 29 | गोण्डा | 3592448 | 97355 | 55 | 11000 |
| 30 | बलरामपुर | 2249939 | 81673 | 46 | 9200 |
| 31 | बहराइच | 3641519 | 117257 | 66 | 13200 |
| 32 | श्रावस्ती | 1166932 | 47728 | 27 | 5400 |
| 33 | बलिया | 3374952 | 81336 | 46 | 9200 |
| 34 | आजमगढ़ | 4833197 | 117930 | 66 | 13200 |
| 35 | मऊ | 2308676 | 51483 | 29 | 5800 |
| 36 | गोरखपुर | 4644503 | 116577 | 65 | 13000 |
| 37 | देवरिया | 3244080 | 86293 | 48 | 9600 |
| 38 | कुशीनगर | 3727967 | 108111 | 61 | 12200 |
| 39 | महाराजगंज | 2790395 | 84270 | 47 | 9400 |
| 40 | बस्ती | 2576573 | 97910 | 55 | 11000 |
| 41 | सिद्धार्थनगर | 2673382 | 73785 | 41 | 8200 |
| 42 | संत कबीर नगर | 1794766 | 55817 | 31 | 6200 |
| 43 | कानपुर देहात | 1879350 | 37963 | 21 | 4200 |
| 44 | कानपुर नगर | 4787595 | 86177 | 48 | 9600 |
| 45 | इटावा | 1653282 | 37695 | 21 | 4200 |
| 46 | औरैया | 1436699 | 35486 | 20 | 4000 |
| 47 | फर्रुखाबाद | 1976175 | 53159 | 30 | 6000 |
| 48 | कन्नौज | 1735828 | 41313 | 23 | 4600 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 49 | रायबरेली | 2691770 | 60834 | 34 | 6800 |
| 50 | लखनऊ | 4803826 | 90312 | 51 | 10200 |
| 51 | सीतापुर | 4684466 | 133039 | 75 | 15000 |
| 52 | उन्नाव | 3256600 | 70994 | 40 | 8000 |
| 53 | हरदोई | 4283421 | 119507 | 67 | 13400 |
| 54 | खीरी | 4202025 | 115135 | 64 | 12800 |
| 55 | गाजियाबाद | 3536985 | 76399 | 43 | 8600 |
| 56 | गौतमबुद्धनगर' | 1753321 | 42080 | 24 | 4800 |
| 57 | मेरठ | 3609218 | 88787 | 50 | 10000 |
| 58 | बागपत | 1363277 | 31083 | 17 | 3400 |
| 59 | हापुड़ | 1343266 | 29015 | 16 | 3200 |
| 60 | बुलंद शहर | 3662719 | 96329 | 54 | 10800 |
| 61 | सहारनपुर | 3626831 | 96474 | 54 | 10800 |
| 62 | मुजफरनगर | 2806423 | 67915 | 38 | 7600 |
| 63 | शामली | 1526439 | 40603 | 23 | 4600 |
| 64 | बिजनौर | 3856810 | 94492 | 53 | 10600 |
| 65 | मुरादाबाद | 3284923 | 84751 | 47 | 9400 |
| 66 | अमरोहा | 1925079 | 51015 | 29 | 5800 |
| 67 | सम्भल | 2257018 | 58231 | 33 | 6600 |
| 68 | रामपुर | 2445016 | 62592 | 35 | 7000 |
| 69 | मिर्जापुर | 2611621 | 74954 | 42 | 8400 |
| 70 | सोनभद्र | 1950039 | 43291 | 24 | 4800 |
| 71 | भदोही | 1627154 | 41167 | 23 | 4600 |
| 72 | वाराणसी | 3855028 | 76715 | 43 | 8600 |
| 73 | जौनपुर | 4686168 | 123715 | 69 | 13800 |
| 74 | चंदौली | 2044369 | 49269 | 28 | 5600 |
| 75 | गाजीपुर | 3792769 | 86096 | 48 | 9600 |
| | | **208949366** | **5356886** | **3000** | **600000** |